St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

Hindi Text : (2nd Term) **(Answer Worksheet –12)** **Date: 03.09.2020**
Topic: धनुर्धारी अर्जुन **Class -3**

निम्न प्रश्नो के उत्तर दो :-

1 इस पाठ में महाभारत के राजा पाण्डु के बारे में बताओ ।

उ- इस पाठ में महाभारत की कथा का वर्णन है । राजा पाण्डु उस समय हस्तिनापुर के राजा थे । उनके पांच पुत्र थे , जो पांडव कहलाते थे । उनके नाम थे - युधिष्ठिर , भीम , अर्जुन , नकुल और सहदेव । युधिष्ठिर इनमे सबसे बड़े थे ।

2 गुरु द्रोणाचार्य किनको शिक्षा देते थे ?

उ- गुरु द्रोणाचार्य पांडवों और कौरवों के गुरु थे । पांचों पांडव उनसे शिक्षा प्राप्त करते थे । वे उनको ज्ञान के साथ - साथ अस्त्र - शस्त्र की शिक्षा भी देते थे । उनके शिष्यों में भीम गदा चलाने में कुशल थे । अर्जुन उनके प्रिय शिष्य थे , जो धनुष बाण चलाने में निपुण थे ।

3 गुरु द्रोणाचार्य ने एक दिन क्या और किस प्रकार निश्चय किया ?

उ-गुरु द्रोणाचार्य ने अपने शिष्यों को शिक्षा दी । फिर एक दिन उन्होंने अपने शिष्यों की परीक्षा लेने का निश्चय किया । उन्होंने पेड़ पर एक चिड़िया का खिलौना टांग दिया । उन्होंने अपने सब शिष्यों को बुलाया । फिर अपने शिष्यों से चिड़िया की आँख पर निशाना लगाने को कहा ।

4 गुरूजी ने पहले शिष्य को बाण चलाने की आज्ञा क्यों नहीं दी ?

उ- गुरूजी ने पहले शिष्य को बुलाया । उन्होंने पहले ही पेड़ पर एक चिड़िया का खिलौना टांग दिया था । गुरूजी ने पहले शिष्य से पूछा कि उसे क्या दिखाई देता है । शिष्य ने उत्तर दिया कि उसे पेड़ , चिड़िया , पत्ते सभी कुछ दिखाई देते हैं । यह सुनकर गुरूजी ने पहले शिष्य को बाण चलाने की आज्ञा नहीं दी ।

Poonam Mehra